<u>पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड</u>
<u>कंपनी सचिवालय</u>

दिनांक: 09.08.2021
सं.:1:05:126(3):1:सीएस

<u>कार्यालय आदेश सं. सीएस/सं.03/आईटीसी/2021-22</u>

विषय: <u>ट्रेडिंग विंडो का खुलना</u>

संदर्भ: दिनांक 29 जून, 2021 का कार्यालय आदेश सं.सीएस/सं.02/आईटीसी/2021-22

कंपनी सचिवालय यूनिट के दिनांक 29 जून, 2021 के परिपत्र द्वारा अधिसूचित अनुसार, "पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता एवं अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता" ('संहिता') की शर्तों के अनुसार, पीएफ़सी के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम की घोषणा के पश्चात 1 जुलाई, 2021 से अड़तालिस (48) घंटे की समाप्ति तक बंद थी।

इस संबंध में, सूचित किया जाता है कि पीएफ़सी लिमिटेड के निदेशक मंडल की 414वीं बैठक बृहस्पतिवार, अगस्त 12, 2021 को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषय के साथ दिनांक 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल एवं समेकित) पर विचार किया जाएगा एवं उन पर अनुमोदन प्रदान किया जाएगा।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, अधिसूचित किया जाता है कि पीएफ़सी के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार करने हेतु ट्रेडिंग विंडो शनिवार, 14 अगस्त, 2021 तक बंद रहेगी और 15 अगस्त, 2021 से पुनः खुलेगी। सभी नामित कार्मिकों और उनके निकटतम संबंधितों से अनुरोध है कि उपर्युक्त अवधि के दौरान पीएफसी के इक्विटी शेयरों/ऋण प्रतिभूतियों में ट्रेड न करें।

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव और
कोड हेतु अनुपालन अधिकारी

वितरण-

<u>सभी संबंधित व्यक्ति</u> ("पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता एवं अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता" में यथापरिभाषित) - कंपनी की वेबसाइट/कंपनी के सूचना-पट्ट के माध्यम से।

प्रतिलिपि:

1. **कंपनी सचिव, पीएफ़सीसीएल**
2. **कंपनी सचिव, आरईसीएल**

- इस परिपत्र को अपने संस्थाओं में सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित करने के अनुरोध के साथ।